CCI in a phased manner with a view to maintain supply of raw nuts to the eligible factories.

**Construction of New Aerodromes at Cochin and Calicut**

416. SHRI VAYALAR RAVI :

SHRI C. H. MOHAMED KOYA:

Wil the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether Government have taken any final decision regarding the construction of new aerodromes at Cochin and Calicut during the Fifth Five Year Plan period; and

(b) if so, the broad outlines thereof and the progress made in this respect so far ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. SAROJINI MAHISHI): (a) and (b). No final decision has been taken by Government so far for the construction of new aerodromes at Cochin and Calicut. The proposals for construction of these aerodromes during the Fifth Plan period are, however, under consideration.

**Abolition of Import Duty on Pearls and Diamonds**

417. SHRI M. S. PURTY : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether Gem and Jewellery Export Promotion Council has urged Government to abolish the import duty on diamonds and pearls with a view to boosting the export of jewellery made out of these commodities; and

(b) if so, the reaction of Government thereon ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI A. C. GEORGE) : (a) Yes, Sir.

(b) It has not been possible for Government to accept the Council's request.

**विद्युत प्रेषण सुविधाओं के विस्तार हेतु अन्तर्राष्ट्रीय विकास संस्था द्वारा ऋण**

418. **डा. लक्ष्मी नारायण पांडेय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अन्तर्राष्ट्रीय विकास संस्था द्वारा भारत को उसके दस राज्यों में विद्युत प्रेषण सुविधाओं के विस्तार हेतु कितना ऋण दिया जाएगा ; और

(ख) उन राज्यों के नाम क्या हैं जिनमें विद्युत प्रेषण सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा ?

**वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण)** : (क) भारत सरकार ने विश्व बैंक की उदार शर्तों पर ऋण देने वाली अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ नामक संस्था के साथ दूसरी और तीसरी बिजली पारेषण परियोजनाओं के अन्तर्गत बिजली पारेषण की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए 3 मई, 1971 को 7.5 करोड़ डालर और 9 मई, 1973 को 8.5 करोड़ डालर के दो ऋणों पर हस्ताक्षर किये थे ।

(ख) इन सुविधाओं का असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, और केरल के राज्यों और दिल्ली के संघीय राज्य क्षेत्र में विस्तार किया जाएगा ।

**माप तौल के सही पैमानों का उपयोग**

419 **श्री लालजी भाई** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विभिन्न शहरों में माप-तौल सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कर्मचारी नियुक्त कर रखे हैं ;

(ख) क्या वे समय-समय पर दुकानों पर जाकर माप तौल के पैमानों की जांच करते रहते हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बंधी मुख्य बातें क्या हैं ?